खमरा रोड, बस स्टैंड और बाजार चौक में खुलेआम सट्टा लिखे जाने की शिकायत

# चांद नप में खुलेआम सट्टे का कारोबार पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में अवैध सट्टा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग लगातार अभियान चलाने के दावे कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। चांद नगर परिषद क्षेत्र में खुलेआम सट्टा लिखे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की जानकारी और निगरानी के बावजूद कई स्थानों पर धड़ल्ले से सट्टे का कारोबार संचालित हो रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार खमरा रोड स्थित रानी शोरूम कपड़ा दुकान के सामने एक सीमेंट दुकान में खुलेआम सट्टा लिखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहां दिनभर संदिग्ध लोगों की आवाजाही बनी रहती है और खुलेआम नंबरों का खेल चलता है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

इसी तरह चांद बस स्टैंड की ओर, थाना क्षेत्र से महज करीब 200 मीटर दूरी पर स्थित इंडियन गैस एजेंसी के बाजू में संचालित गुप्ता होटल में भी खुलेआम सट्टा लिखे जाने की बात सामने आई है। लोगों का कहना है कि जब थाना क्षेत्र के इतने नजदीक अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हों और कार्रवाई न हो, तो इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेह होना स्वाभाविक है।

बाजार चौक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के सामने परमजीत साहू की दुकान के बाजू में भी सट्टे का कारोबार संचालित होने की शिकायतें मिल रही हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से यह अवैध गतिविधि चल रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टे का यह अवैध कारोबार युवाओं और मजदूर वर्ग को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। महंगाई के इस दौर में जहां आम आदमी दो वक्त की रोटी और परिवार के खर्चों से जूझ रहा है, वहीं आसान पैसे के लालच में कई लोग सट्टे की लत में फंसते जा रहे हैं। इसका सीधा असर परिवारों की आर्थिक स्थिति और सामाजिक वातावरण पर पड़ रहा है।

सूत्रों का कहना है कि सट्टा जहां भी संचालित होता है, वहां के फोटो और वीडियो जुटाना आम नागरिकों के लिए आसान नहीं होता, क्योंकि अधिकांश संचालक स्थानीय प्रभाव वाले लोग होते हैं। ऐसे में शिकायतकर्ता खुलकर सामने आने से भी डरते हैं।

### संदिग्ध स्थानों पर दबिश की आवश्यकता

जानकारों का मानना है कि यदि पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्णय ले, तो अवैध सट्टा कारोबार पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है। इसके लिए लगातार निगरानी, मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने और संदिग्ध स्थानों पर औचक दबिश की आवश्यकता है। पूर्व में भी जिले के कई हिस्सों में पुलिस ने कार्रवाई कर सट्टा कारोबार का खुलासा किया था, जिससे यह साबित होता है कि इच्छाशक्ति होने पर अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि चांद क्षेत्र में सामने आ रही इन शिकायतों को पुलिस प्रशासन कितनी गंभीरता से लेता है और क्या अवैध सट्टा कारोबार पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या फिर यह खेल यूं ही खुलेआम चलता रहेगा।

## पीएमओ से स्वास्थ्य विभाग तक मची हलचल

# परासिया का चर्चित आई हॉस्पिटल पर आई सोटों की जांच, अंग तस्करी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परासिया स्थित लायंस क्लब लायंस आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एक बार फिर विवादों में घिर गया है। क्षेत्र के समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया द्वारा सूचना के अधिकार (RTI) के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर मानव अंग एवं ऊतक संबंधी नियमों के कथित उल्लंघन की शिकायत किए जाने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हलचल मच गई है। मामले को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, सोटो (SOTO) सहित 14 प्रमुख विभागों में शिकायत भेजी गई थी।सूत्रों के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संस्था द्वारा वर्षों से आंखदान एवं प्रत्यारोपण संबंधी गतिविधियां संचालित की जाती रही हैं, जबकि संबंधित वैधानिक प्रक्रियाओं एवं पंजीयन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत के बाद शासन स्तर पर मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### पूर्व में भी दर्ज हो चुका है मामला

गौरतलब है कि इससे पहले भी संस्था से जुड़े पदाधिकारियों के विरुद्ध थाना परासिया में धोखाधड़ी एवं अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। यह प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन बताया जा रहा है।अब पूरे जिले की नजर जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हुई है। यदि जांच में शिकायतों की पुष्टि होती है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े इस संवेदनशील मामले में बड़ी प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई संभव मानी जा रही है।



### सोटो के निर्देश पर गठित हुई जांच समिति

मामले की गंभीरता को देखते हुए महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर एवं स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (SOTO) के निर्देश पर छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) द्वारा चार सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। समिति को पूरे मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### समिति में शामिल अधिकारी

डॉ. महेंद्र सिंह- प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, सर्जरी विभाग, सिम्स (अध्यक्ष)
डॉ. नरेश गोन्नाडे - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छिंदवाड़ा
डॉ. हेमंत अहिरवार - सह प्राध्यापक, सर्जरी विभाग एवं प्रभारी अधिकारी सोटो
डॉ. भारती बदलानी - विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग
बताया जा रहा है कि समिति ने 19 मई को परासिया पहुंचकर अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों एवं व्यवस्थाओं की प्रारंभिक जांच की।

### आरटीआई दस्तावेजों से उठे कई अहम सवाल

समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) कार्यालय से प्राप्त आरटीआई जानकारी के अनुसार, मानव अंग एवं ऊतक संग्रहण अथवा प्रत्यारोपण गतिविधियों के लिए संस्था के वैध पंजीयन को लेकर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि यदि आवश्यक अनुमति एवं पंजीयन के बिना गतिविधियां संचालित हुई हैं, तो यह मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम (THOTA) तथा सोटो के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन हो सकता है।

### रिपोर्ट के बाद हो सकती है बड़ी कार्रवाई

सिम्स प्रशासन द्वारा गठित समिति को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि चिकित्सा शिक्षा संचालनालय भोपाल, कलेक्टर छिंदवाड़ा एवं सोटो इंदौर को भी भेजी गई है।

### इस शिकायत पर क्या स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

जिले में पिछले दो सालों से एक समाजसेवी इस घोर अपराध के विरूद्ध आवाज उठा रहा है। लेकिन प्रशासन की बेरूखी तो देखिए संघर्ष करते करते दो साल होने के बाद हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच बैठी है। अगर जांच में शिकायतकर्ता के आरोप सही साबित होते है तो क्या स्थानीय प्रशासन के वे अधिकारी जो मामले को दबाने में लगे थे और जिन्होंने त्वरित कार्यवाही न करते हुए टालमटोली करते रहे क्या उन पर भी कार्यवाही की गाज गिरेगी। क्योंकि सामान्य शिकायतों पर तो छिंदवाड़ा का जिला प्रशासन सिर्फ शिकायत को दबाने में लगा रहता है। यह सिर्फ कोरा आरोप नहीं छिंदवाड़ा की हकीकत है और यह मामला इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है।

अधिवक्ता को गाली देने और धमकाने का है आरोप

# संस्कार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया न्यायालय के एक अधिवक्ता को गाली देने और धमकाने के आरोप में चांदामेटा के संस्कार वर्मा के खिलाफ परासिया थाने में मामला दर्ज किया गया है । इस मामले में परासिया अधिवक्ता संघ ने पुलिस को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी ।परासिया अतिरिक्त सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता ने पुलिस में शिकायत की थी , कि चांदामेटा के अभिषेक ने एक युवती जो संस्कार वर्मा की परिचित बताई जाती है के लिए कानूनी सलाह मांगी थी । जिसके चलते संस्कार वर्मा ने अधिवक्ता का नाम लेकर फोन पर गाली - गलौच की और जान से मरवाने की धमकी दी । अधिवक्ता की इस शिकायत पर पुलिस ने संस्कार वर्मा के खिलाफ बी एन एस की धारा 296(b), 351 (3) और 67 के तहत मामला दर्ज किया है ।

## पूर्णता की ओर पुल निर्माण, मई के अंत तक मार्ग खुलने का दावा, जाम से राहत मिलने की गुंजाईश कम



**परासिया :-** परासिया - तामिया मार्ग पर स्तिथ रेलवे पुल के नीचे अक्सर पानी भरने , जाम लगने की समस्या नासूर बन चुकी थी । अब इस पुल का निर्माण पूर्णता की ओर अग्रसर है । मई के अंत तक इस मार्ग को चालू करने का दावा निर्माण एजेंसी ने किया है । मार्ग चालू होने से जाहिर है , लोगों को राहत मिलेगी , लेकिन जाम से राहत मिलने की गुंजाईश कम नजर आ रही है ।परासिया - तामिया मार्ग पर स्तिथ पुल के निर्माण के चलते नवंबर 2025 से यह मार्ग बंद है । लोग वैकल्पिक मार्ग से आना - जाना कर रहे हैं । जर्जर वैकल्पिक मार्गों से आना - जाना करते करते लोग हलाकान हो गए हैं । अब हर कोई यही चाहता है , कि मार्ग जल्द शुरू हो जाए । पुल का बॉक्स अपनी जगह स्थापित हो चुका है । दोनों तरफ कांक्रीट सड़क का काम चालू है । निर्माण एजेंसी का दावा है मई के अंत तक मार्ग चालू कर दिया जाएगा । पुल की चौड़ाई को लेकर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं । लोग कह रहे हैं , कि पुल के नीचे पानी भरेगा या नहीं , यह तो बारिश में पता चलेगा , लेकिन वाहनों का जाम लगने से राहत मिलेगी या नहीं इसकी गुंजाईश कम नजर आ रही है । यदि ऐसा हुआ तो बात फिर वहीं ढाक के तीन पात वाली हो जाएगी ।

### व्यापार हुआ प्रभावित

पुल निर्माण के लिए मुख्य मार्ग को बंद कर वैकल्पिक मार्ग चालू किए गए । जिससे पुल के दोनों तरफ स्तिथ दुकानदारों के व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुए हैं । व्यापारियों का कहना है , कि मार्ग बंद होने से उनके ग्राहकों की संख्या घटकर आधी रह गई है । रविवार और गुरुवार बाजार वाले दिन भी कोई खास धंधा नहीं हो रहा है । हालांकि व्यापारियों को इस बात की खुशी है की मार्ग जल्द शुरू हो जाएगा , लेकिन यदि जो समस्याएं हैं , वह पहले जैसी ही रही तब क्या ? कुछ लोगों का कहना है , कि पुल 5 - 6 फिट और चौड़ा बनता तो बात कुछ और होती ।

# बफर जोन में रेत माफिया का आतंक! चूरना जंगल से रातों-रात निकल रही दर्जनों ट्रक रेत

## अधिकारियों की मिलीभगत पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन इन दिनों खुलेआम जारी है। हालात यह हैं कि जिन अधिकारियों पर रेत माफियाओं पर कार्रवाई की जिम्मेदारी है, उन्हीं के संरक्षण में यह पूरा खेल फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि "मंथली" के दम पर नदियों का सीना चीरकर रात-दिन रेत निकाली जा रही है। राजस्व और वन भूमि की अधिकांश नदियां अब लगभग खाली हो चुकी हैं और अब रेत माफियाओं ने अपना नया ठिकाना नर्मदापुरम बफर जोन के देलाखारी रेंज की सांखरी बीट स्थित देनवा नदी के चूरना जंगल को बना लिया है।

### कलेक्टर के निर्देश बेअसर

एक ओर कलेक्टर लगातार बैठकों में अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अधिकारी इन आदेशों का पालन करने को तैयार नहीं दिख रहे। यही कारण है कि रेत माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।



### प्रतिबंधित वन क्षेत्र में जेसीबी से उत्खनन

जानकारी के अनुसार चूरना जंगल, जो वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित एवं अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, वहां रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, नदी से निकाली गई रेत का वहीं भंडारण भी किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां से हर रात दर्जनों ट्रक रेत भरकर बाहर भेजी जा रही है।सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जिस क्षेत्र में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित है, वहां जेसीबी मशीनें और डंपर आखिर कैसे पहुंच रहे हैं? बिना वन विभाग के कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के यह संभव नहीं माना जा रहा।

### रात में पकड़े गए डंपर और जेसीबी, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे जामुन ढोगा पंचायत के ग्राम निशान से लगे जंगल क्षेत्र में दो डंपर और एक जेसीबी मशीन रेत भरते हुए कुछ अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई थी। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कार्रवाई के नाम पर मामला वहीं शांत हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफियाओं से मोटी रकम लेकर वाहनों को छोड़ दिया गया।चूंकि घटना रात की थी, इसलिए ग्रामीण यह पहचान नहीं कर सके कि कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी किस विभाग से थे। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि निशान गांव के बाद बफर जोन की सीमा शुरू हो जाती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान में बफर जोन क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी है।

### नाकेदार ने नहीं उठाया फोन, बढ़ा संदेह

जब इस मामले में संबंधित क्षेत्र के नाकेदार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे ग्रामीणों के बीच संदेह और गहरा गया। लोगों का कहना है कि अधिकारी अपने बचाव की मुद्रा में नजर आ रहे हैं और पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो टोल नाकों और कुर्सी ढाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से यह साफ हो सकता है कि किन अधिकारियों ने वाहन पकड़े और बाद में उन्हें छोड़ा।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने भी उठाया मुद्दा

भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरुपाची ने भी तामिया तहसीलदार और टीआई के माध्यम से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की मांग की थी। बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और रेत चोरी का सिलसिला लगातार जारी है।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर वन्य प्राणियों के सुरक्षित क्षेत्र से रेत चोरी करने वालों पर कार्रवाई कब होगी और क्या जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो पाएगी?

आदिवासी परिवार के साथ राज्यपाल करेंगे सहभोज

# मंडी पहुंचकर कर्मचारियों को लगे कलेक्टर ने फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम खुटांबा में गुरुवार 21 मई को मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का प्रस्तावित आगमन होने जा रहा है। महामहिम के इस दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद हो गया है और कार्यक्रम को गरिमामय व सुव्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

मंगलवार को कलेक्टर एसपी के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया।कार्यक्रम के अनुसार, महामहिम राज्यपाल विशेष रूप से आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचेंगे। वे ग्राम खुटांबा निवासी आदिवासी भाई श्री राजु भैयालाल धुर्वे के परिवार से मुलाकात कर उनके साथ आत्मीय संवाद करेंगे और सहभोज करेंगे, राज्यपाल के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया।कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक श्री प्रकाश चंद्र परिहार, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सौंसर श्री प्रियंक मिश्रा, तहसीलदार श्री अर्जुन बेलवंशी और एसडीओपी श्रीमती प्रियंका पांडे ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, सुचारू विद्युत व्यवस्था पेयजल सुरक्षा व यातायात,बैठक व्यवस्था,आदि के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के साथ एक समन्वय बैठक कर तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड, मोरेश्वर मर्सकोले, नामदेव पाल,आदि थे।



### कलेक्टर के सौंसर कृषि मंडी में कड़े तेवर

हाल ही में कृषि उपज मंडी सौंसर में संचालित तुअर, चना और गेहूं खरीदी केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली और बिचौलियों के खेल की शिकायत को लेकर जबलपुर एक्सप्रेस में प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया गया था जिसके बाद मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने खरीदी केंद्र में पहुंच कर शिकायतों पर जमकर फटकार लगाई है।कलेक्टरनीरज कुमार वशिष्ठ,पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार भारी लाव-लश्कर के साथ सीधे मंडी परिसर पहुंचे और औचक निरीक्षण कर हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान जैसे ही तुलाई के नाम पर किसानों से अतिरिक्त राशि वसूले जाने का सच सामने आया।



## सवरर्णी, मोहगांवहवेली बैल बाजार ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज: विधायक चौरे

# किसानों से हो रही अवैध वसूली, ठेकेदार का लाइसेंस हो निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र के अन्नदाताओं और मवेशी व्यापारियों की जेब पर डाका डालने वाले भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ विधायक विजय चौरे ने बेहद आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को नगर मोहगांव के बैल बाज़ार में चल रहे अवैध वसूली के बड़े खेल का पर्दाफाश करते हुए विधायक चौरे ने मौके पर ही न सिर्फ इस लूट को बंद कराया, बल्कि दोषी ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त करने और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के सख्त निर्देश माग की, इधर किसानों ने बताया कि मोहगाव के साथ ग्राम सवरर्णी में लगने वाले बैल बाजार में ही बड़े पैमाने पर गोवंश की तस्करी की जा रही है साथ ही किसानों के साथ में अवैध रूप से खुलेआम वसूली की जा रही है। प्रशासन ने स्वर्णिम एवं गांव में चल रहे बैल बाजार का ठेका जल्द से जल्द निरस्त कर ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।



### 700 की जगह वसूली जा रही थी 1000 की 'रंगदारी

मिली जानकारी के अनुसार, मोहगांव बैल बाज़ार में प्रशासन द्वारा मवेशियों की खरीदी-बिक्री के लिए 700 का शुल्क निर्धारित किया गया है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर बाजार ठेकेदार द्वारा गरीब किसानों और व्यापारियों से जबरन 900 से लेकर 1000 तक वसूले जा रहे थे। इस खुली लूट की शिकायत मिलते ही मंगलवार को विधायक विजय चौरे, नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अचानक बैल बाज़ार जा धमके। विधायक को सामने देख अवैध वसूली करने वालों के हाथ-पांव फूल गए। विधायक श्री चौरे ने मौके पर ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि किसानों से लूटी गई एक-एक पाई तुरंत वापस करवाई जाए और ठेकेदार का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

### नेताओं, अधिकारियों की शह पर चल रहा था खेल

मोहगांव बैल बाज़ार के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका मोहगांव की घोर लापरवाही और प्रशासनिक सांठगांठ भी उजागर हुई। विधायक चौरे ने तीखे शब्दों में कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण के बिना इतनी बड़ी लूट संभव नहीं है। बाज़ार परिसर में न तो तीसरी आँख सीसीटीवी कैमरे) का पहरा था और न ही खरीदे-बेचे जा रहे गाय-बैलों का कोई लिखित रिकॉर्ड रखा जा रहा था। क्षेत्र के किसान भाइयों और गौ माता के साथ हो रहे अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों का शोषण करने वाले सीधे जेल जाएंगे।

### थाना प्रभारी को एफआईआर करने के दिए निर्देश

विधायक चौरे ने इस महालूट पर कड़ा रुख अपनाते हुए मोहगांव थाना प्रभारी को ठेकेदार के खिलाफ तत्काल आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सीएमओ परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने और पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ने का अल्टीमेटम दिया है।इस गंभीर मामले को देखते हुए विधायक विजय चौरे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मोहगांव सवरर्णि आदि जगहों की बैल बाजारों में होने वाली मवेशियों की तस्करी और धोखाधड़ी को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने की मांग करते हुए कहा कि बैल बाजार में खरीदार और विक्रेता दोनों के दस्तावेज़ (पहचान पत्र), मोबाइल नंबर और पासपोर्ट फोटो जमा कराना अनिवार्य किया जाए।खरीदी-बिक्री किए गए मवेशियों की फोटो को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाए।दोनो का पुलिस वेरिफिकेशन होने के बाद ही उन्हें व्यापार की अनुमति दी जाए।इस दौरान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर ब्रम्हे, सुभाष कलम्बे, अंसार खान, नितिन ढोबले, जुबेर अली, कपिल गढ़ेकर, गुलशन गजभिए, अनुभव रुंघे आदि थे।

## लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा दी गई आर्थिक मदद



**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ के माध्यम से कन्याओं के विवाह समारोह में पहुंचकर आर्थिक सहायता राशि मदद स्वरूप 14मई को प्रदान की गई जिसमें वधू रानी पवार पिता नारायण पवार वार्ड क्रमांक 13 दमुआ की सुपुत्री का विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर 5100 रूपये की नगद राशि प्रदान की गई इसी तरह 14 मई को निकाह समारोह के लिए एक और कन्या हनीफा अली पिता शौकत अली वार्ड नंबर 17 मोमिनपुरा दमुआ के निकाह कार्यक्रम में पहुंचकर 1100 रुपए की आर्थिक सहायता राशि मदद स्वरूप प्रदान की गई इस अवसर पर लायंस सेवा समिति के संरक्षक डॉक्टर आर के विश्वकर्मा एवं मदन सोनी जी एवं नगर पालिका परिषद दमुआ की अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर एवं लायंस सेवा समिति के पदाधिकारी बृजलाल प्रजापति जी राकेश खातरकर जी दुर्गा सिंह राजपूत जी भानु साहू जी सहित कन्याओं के परिवार के समस्त सदस्य गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भागवत कथा का श्रवण करने से सुधरते हैं जन्म-जन्मांतर -पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री




**जुन्नारदेव।** श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण जन्म जन्मांतर को तार देता है भागवत कथा के श्रवण से केवल एक जन्म नहीं अनेकों जन्म उतर जाते हैं और मानव पाप मुक्त हो जाता है भागवत कथा पुण्य कर्म से ही सुना संभव है भागवत कथा में भगवान के अनेकों रूपों का वर्णन मिलता है। भागवत कथा का रसपान कर मानव अपना जन्म सार्थक बन सकता है उक्ताशय के उद्गार जुन्नारदेव विशाला वार्ड क्रमांक 11 भुजलिया नाले के पास शिव महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा वाचक पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा व्यक्त किए गए। इस दौरान उन्होंने शिव महिमा माता पार्वती महिमा की कथा का भी बखान किया कथा का वचन प्रतिदिन दोपहर 02 से 05 एवं रात्रि 08 से 11 बजे तक किया जा रहा है। कथा आयोजन शिव महिला मंडल वार्ड नंबर 11 जुन्नारदेव विशाला ने समस्त धर्म प्रेमियों से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## विद्युत विभाग के सिन्हा साहब गये समरेश पटेल आये

**दमुआ-** म.प्र.पूर्व क्षेत्र वि.वि. केन्द्र दमुआ के कनिष्ठ यंत्री श्री रतनदीप सिन्हा लगभग 4वर्षो तक सेवा देने के पश्चात उनका स्थानान्तरण अमरवाडा हो गया है और उनके स्थान पर अमरवाडा से आये जे.ई. श्री समरेश पटेल जी ने दमुआ विद्युत विभाग का कार्यभार सम्भाल लिया है। ज्ञात हो कि श्री रतनदीप सिन्हा पूर्व कनिष्ठ यंत्री जिन्होने ने ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा लगन से काम करते हुए 4 वर्षो तक लगातार अच्छी सेवाऐं प्रदान की और 4 वर्षो के पश्चात उनका स्थानान्तरण अमरवाडा हो गया है उनके बदले मे आये श्री समरेश पटेल जी ने बिजली आफिस का कारोबार सम्भाल लिया है अब नये अधिकारी के रूप मे आये श्री समरेश पटेल जी से स्थानीय नागरिकों सहित कास्तकारों, बिजली उपभोक्ताओं, ग्राहको को काफी उम्मीदे है कि उनके रहते बिजली संबंधी समस्याओ से जूझना नही पडेगा। ऐसी लोगो ने अपेक्षाऐ व्यक्त की है। भारतीय जनता पार्टी के मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्की खत्री जी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान म.प्र. की छिन्दवाडा जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जो नियमानुसार है जिसमें फईम खान वारसी दमुआ को जिला महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है।

## सिंगोड़ी पुलिस की अनूठी पहल: वर्दी के साथ दिखाई हमदर्दी, बस स्टैंड पर शुरू किया प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा के सिंगोड़ी में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच सिंगोड़ी पुलिस ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। आमजन की परेशानी को समझते हुए पुलिस ने बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता केंद्र पर शुद्ध पेयजल के लिए प्याऊ की शुरुआत की है।इस मानवीय पहल का शुभारंभ चौकी प्रभारी पंकज राय ने जनसहयोग से देर शाम किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



यात्रियों और मजदूरों को मिलेगी राहत चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया, गर्मी के इस मौसम में बस स्टैंड से गुजरने वाले यात्रियों, दिहाड़ी मजदूरों और राहगीरों को अक्सर पानी की किल्लत झेलनी पड़ती है। इसी समस्या को देखते हुए यह प्याऊ शुरू की गई है ताकि किसी को प्यासा न रहना पड़े। पंकज राय ने आगे कहा कि पुलिस का काम केवल कानून व्यवस्था संभालना नहीं है। समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारियां भी हैं, जिन्हें हम पूरी गंभीरता से निभा रहे हैं। वर्दी के साथ हमदर्दी भी जरूरी है।

स्थानीय लोगों ने की सराहना पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक पुलिसिंग का बेहतरीन उदाहरण बताया। लोगों का कहना है कि ऐसे कदम पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम करते हैं और विश्वास मजबूत बनाते हैं। सिंगोड़ी पुलिस की यह पहल न सिर्फ गर्मी में राहत दे रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि वर्दी के पीछे एक संवेदनशील दिल भी धड़कता है।

## धम्मादूता अवार्ड' से सम्मानित हुए मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

हाल ही में तीन दिवसीय 'विश्व शांति परिषद' का भव्य सफल समापन हुआ है।इस अंतरराष्ट्रीय परिषद में तथागत बुद्ध,डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने, सामाजिक-धार्मिक एकता और उत्कृष्ट कार्यों के लिए बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति (सौसर) के अध्यक्ष पत्रकार मुकेश बागड़े को प्रतिष्ठित धम्मादूता अवार्ड से सम्मानित किया गया।



यह सम्मान उन्हें महानायक भंते मदम्पगामा अस्सथिसा (श्रीलंका)श्रीलंका के पूर्व मंत्री विजयदासा राजपक्षे,भंते अंबलगोडा धम्मलंकारा थेरो (श्रीलंका)भंते डॉ. ली. ची रान (दक्षिण कोरिया)भंते थेपसाकदा फेतसालाथ (लाओस)भिक्षु तपसी धम्म (नेपाल) भंते प्राशील रत्नजी और भंते राजरतन,रामटेक सांसद श्यामकुमार बर्वे, भंडारा सांसद प्रशांत पडोले, पूर्व मंत्री सुनील केदार के हस्ते प्रदान किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में विभिन्न देशों से आए बौद्ध प्रतिनिधियों, भिक्षुओं ओर सरकार के प्रतिनिधियों ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर गहरा मंथन किया।

साथ ही दुनिया में चल रहे युद्ध, सामाजिक विघटन, समाज में फैली कुरीतियों, आपसी विवाद और अंधश्रद्धा को समाप्त करने पर जोर दिया गया। विचारकों ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक द्वारा दिखाए गए करुणा, शांति बंधुत्व के मार्ग पर चलकर ही आज समाज को एक सूत्र में बांधा जा सकता है। पत्रकार मुकेश बागड़े को अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'धम्मादूता अवार्ड' मिलने पर जिला भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, डॉ. वाय. एल. ठवरे, मुरलीधर कामले, राहुल रंगारे, राजेश बागड़े, डॉ. राहुल वाहने, सिद्धार्थ सोमकुंवर, मिलिंद बंसोड़, विजय नागदवने, लक्ष्मीदास बोरकर, अशोक बागड़े, आनंद दुफारे, अरविंद बंसोड़, कैलाश गजभिये, ज्योति देशभरतार, आदि ने स्वागत किया है।

# आरोह 2026 समर कैंप का जिला खेल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, खिलाड़ियों से की चर्चा

## लांजी में वॉलीबॉल-कबड्डी-एथलेटिक्स का चल रहा प्रशिक्षण, सुबह-शाम मिल रही ट्रेनिंग; नशे-मोबाइल से दूरी के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज लांजी।

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के तहत विकासखंड लांजी में चल रहे प्रशिक्षण का जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ने गत दिवस औचक निरीक्षण किया। रानी अवंती बाई खेल परिसर एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में वॉलीबॉल, कबड्डी एवं एथलेटिक्स का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।



**खिलाड़ियों के सुझाव सुने, समस्याओं का किया समाधान; नेतृत्व क्षमता बढ़ाने पर दिया जोर:** जिला खेल अधिकारी ने शिविर में चल रही विभिन्न खेल गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद कर उनके अनुभव एवं सुझाव सुने तथा उपस्थित खिलाड़ियों की समस्याओं का मौके पर समाधान भी किया। राहुल बारेसा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जिले और ब्लॉक के युवाओं एवं विद्यार्थियों में खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने खेलों के साथ-साथ युवाओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने, नशे से दूर रहने एवं मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने के सुझाव दिए।

**ग्रामीण-शहरी प्रतिभाओं को मिल रहा मंच, सुबह खिलाड़ियों को दिया जा रहा अंकुरित अनाज:** जिला खेल अधिकारी ने कहा कि यह शिविर ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल होकर खुद को स्वस्थ बनाएं और आसपास के वातावरण को भी सुंदर बनाएं।विकासखंड युवा समन्वयक प्रज्ञात वासनिक ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में लगातार खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। सभी खिलाड़ी सुबह 5:30 से 8:00 बजे एवं शाम 5:00 से 8:00 बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सुबह के समय खिलाड़ियों को अंकुरित अनाज भी वितरित किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि गौरव बैस, विकासखंड समन्वयक लांजी प्रज्ञात वासनिक, विकासखंड समन्वयक बालाघाट लव पटेल नगपुरे, खेल प्रशिक्षक नवीन मात्रे, भगवंती खान एवं सभी सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# रेत नहीं मिल पाने से प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हो रहे परेशान, विकास कार्य भी प्रभावित

### नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने समस्या समाधान हेतु लिखा कलेक्टर बालाघाट को पत्र

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी क्षेत्र में विगत कई दिनों से रेत उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित विभिन्न शासकीय निर्माण एवं विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रेत की कमी के चलते निर्माण कार्यों में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही है, आगामी समय में मानसून आने की संभावना से आम नागरिकों को निर्माण कार्यो में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रह है।

रेत की समस्या को लेकर नगरपालिका परिषद वारासिवनी के पार्षद, सभापति व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा कलेक्टर मृणाल मीणा से मोबाईल पर चर्चा के बाद अब नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर जिला बालाघाट को पत्र लिखकर तत्काल रेत उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत मकानों का निर्माण कार्य रेत नहीं मिल पाने से रुकने की स्थिति में पहुंच गये है, जून में मानसून आ जाएगा, जिससे बारिश में फिर रेत नहीं मिल पाएगी और जनता को आवास निर्माण में असुविधा होगी, जिससे हितग्राहियों में चिंता एवं असंतोष का वातावरण निर्मित हो रहा है।

इसके अतिरिक्त नगर व क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य जैसे मुख्यमंत्री अधोसंरचना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लिगेसी वेस्ट जल भराव क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी हेतु वर्षा पूर्व आर सी सी नाली निर्माण, सीसी रोड, निर्माण कार्य एवं अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्य भी रेत की अनुपलब्धता के कारण प्रभावित हो रहे हैं।

अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आम जनहित एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर रेत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित समस्त निर्माण कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ हो।

# रात्रिकालीन यूपीएल सीजन-2 में अन्ना इलेवन का दबदबा, फाइनल में रजत इलेवन को हराकर जीता रू51,000 का खिताब

## उकवा ने फिर दिखाया: ये सिर्फ मैंगनीज की नहीं, प्रतिभाओं की भी खान है



हरिभूमि न्यूज उकवा।

**खेलों की नगरी उकवा में 7 दिन तक चले क्रिकेट के महासंग्राम यूपीएल सीजन-2 का सोमवार रात रंगारंग समापन हुआ। रोमांच से भरपूर फाइनल में अन्ना इलेवन ने रजत इलेवन को शिकस्त देकर चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ रू51,000 का नकद पुरस्कार अपने नाम कर लिया।**

फाइनल मुकाबले में अन्ना इलेवन के शांतनु पटेल हीरो बनकर उभरे। दबाव भरे पलों में उन्होंने सिर्फ 4 गेंदों पर 1 गगनचुंबी छक्का और 1 शानदार चौका जड़कर 10 रन बनाए। इस मैच जिताऊ पारी के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' के खिताब से नवाजा गया। उपविजेता रजत इलेवन को रू21,000 नकद और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

फाइनल से पहले खेले गए सद्भावना मैच में 'अधिकारी इलेवन' और 'पुलिस इलेवन' आमने-सामने थीं। एसडीएम 11 बैहर की टीम ने चौके-छक्कों की बरसात कर पुलिस टीम को हराया। मैदान में आईएएस-आईएफएस अधिकारियों के शॉट्स देख दर्शक झूम उठे।

समापन समारोह में बैहर एसडीएम आईएएस अर्पित गुप्ता, आईएएस आदित्यनारायण तिवारी, आईएफएस विशाल कुमार, एसडीएम परसवाड़ा श्रीश प्यासी, चौकी प्रभारी आकाश शर्मा, रेंजर आशुतोष सिंह, जिला फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, निरीक्षक सचिन पटेल, संतोष सोनी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मुख्य आयोजक अनिरुद्ध सिंह चंदेल ने कहा, ₹उकवा की जनता ने जिस तरह इस आयोजन को सफल बनाया, वो उम्मीद से कहीं ज्यादा है। यह साबित करता है कि उकवा अब फुटबॉल के साथ क्रिकेट हब भी बन रहा है। उकवा यूपीएल इलेवन बनी हराया। शांतनु पटेल बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट। विजेता को रू51,000, सद्भावना मैच में अफसरों ने पुलिस को हराया।

## ग्रामीणों को रात में घर के अंदर सोने की अपील

# नहर टोला में वन विभाग ने ग्रामीणों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

वन परिक्षेत्र कटंगी के समतपुरी बीट और सिवनी जिले के अरी बफर जोन की सीमा पर बसे नहर टोला गांव में तेंदुए की आमद से दहशत का माहौल है। यह गांव ग्राम पंचायत टेकाडी (म) के अधीन आता है। वन विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क और जागरूक किया। सोमवार रात करीब साढ़े 10 से 11 बजे के बीच अरी बफर जोन और कटंगी वन विभाग की टीम नहर टोला पहुंची। टीम ने पाया कि कई ग्रामीण गर्मी के कारण रात में घरों के बाहर खुले आसमान के नीचे सो रहे थे। वन विभाग ने इस पर गहरी चिंता जताई। ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि पिछले करीब 6 महीने से गांव के आसपास तेंदुए की गतिविधि लगातार देखी जा रही है। रात के अंधेरे में वन्य प्राणी का खतरा और बढ़ जाता है। रविवार रात तेंदुआ गांव में घुस आया था। उसने ग्रामीण महेश उइके के पालतू श्वान पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इस घटना के बाद वन विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। तेंदुए को गांव से दूर रखने के लिए वन विभाग निरंतर प्रयास कर रहा है। रविवार रात भी टीम ने नहर टोला पहुंचकर आतिशबाजी की और पटाखे छोड़े, ताकि तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ा जा सके।वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें वन्य प्राणी से बचाव के तरीके बताए।



वन विभाग ने ग्रामीणों से साफ कहा कि कोई भी ग्रामीण रात के समय घर से बाहर न सोए। मवेशियों को भी रात में सुरक्षित बाड़े में बांधें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। वनकर्मियों ने ग्रामीणों से कहा कि तेंदुआ आमतौर पर इंसानों से दूर रहता है, लेकिन पालतू जानवरों के लालच या अचानक सामना होने पर हमला कर सकता है। इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। फिलहाल वन विभाग की टीम नहर टोला और आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। कैमरा ट्रैप लगाने और ट्रैकिंग की योजना पर भी काम चल रहा है। ग्रामीणों से भी कहा गया है कि तेंदुआ या उसके पंजों के निशान दिखें तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें।वन विभाग का उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और वन्य प्राणी को सुरक्षित जंगल में वापस भेजना है।

# एम्बुलेंस में लगी आग, जलकर हुई खाक, मरीज लेने गई थी ग्राम दीनी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मरीज को लेने के लिए ग्राम दीनी गई एक एम्बुलेंस क्रमांक सी जी 04 एन यू 7473 बालाघाट वापस लौटते समय पेड़ से टकरा कर हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में पेड़ से टकराने के बाद एम्बुलेंस में भीषण आग लग गई, जिससे पूरी एम्बुलेंस जल कर खाक हो गई। लेकिन चालक बाल बाल बच निकला। जानकारी अनुसर बालाजी सर्विस बालाघाट की एंबुलेंस बालाघाट जिले के ग्राम उकवा के हॉस्पिटल में लगी हुई है। 18 मई को ग्राम दीनी से एक मरीज को ले जाने के लिए कॉल आने पर बालाघाट अस्पताल से एम्बुलेंस को ग्राम दीनी भेजा गया। लेकिन एम्बुलेंस के लेट हो जाने के कारण ग्रामीणों ने मरीज को दूसरे माध्यम से इलाज के लिए भेज दिया। जब एम्बुलेंस चालक सुनील लिल्हारे ग्राम दीनी पहुँचा, तो मरीज के नहीं होने पर एम्बुलेंस चालक सुनील लिल्हारे खाली एम्बुलेंस लेकर वापस लौट गया। इसी दौरान जब वह दीनी-पूनी के जंगलों से गुजर रहा था, तभी एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। जिसे देखकर चालक सुनील लिल्हारे एम्बुलेंस से बाहर निकल गया। रात्रि का समय होने के कारण एम्बुलेंस में लगी आग को बुझाने में चालक असफल रहा और फिर वहॉ से चला गया। सुबह ग्रामीणों ने जब जली हुई एम्बुलेंस को देखा, तो पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुँचा। जिसने घटना स्थल का पंचनामा बनाया और चालक का पता लगा कर उससे घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस द्वारा जॉच की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से "युवा संगम कार्यक्रम" अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 20 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक राम रमन प्राइवेट आईटीआई, होमगार्ड ऑफिस के सामने, सिवनी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो एवं जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा स्नातक उत्तीर्ण किया हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार मेले में सहभागिता कर सकते है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### संस्कृति एवं मनोरंजन सत्र का हुआ आयोजन, कला और नृत्य से जुड़े खिलाड़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कृष्ण लालचंदानी के उचित मार्गदर्शन तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल निर्देशन में आरोह 2026 (ग्रीष्मकालीन शिविर) अभियान के अंतर्गत कुरई ब्लॉक में निरंतर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
इसी क्रम में बच्चों एवं खिलाडियों के सर्वांगीण विकास हेतु क्रीड़ा परिसर कुरई में ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे घटक संस्कृति एवं मनोरंजन विषय पर एक ऊर्जावान जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खिलाडियों एवं युवाओं को खेल के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोडऩा, मानसिक तनाव को दूर करना तथा मनोरंजन व कला के माध्यम से उनके भीतर छुपी रचनात्मकता और मंच के साहस (आत्मविश्वास) को जागृत करना था।



### शहडोल चेस टूर्नामेंट में छपारा की तनिष्का श्रीवास्तव बनी उपविजेता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा नगर की होनहार शतरंज खिलाड़ी तनिष्का श्रीवास्तव ने मध्यप्रदेश के शहडोल में आयोजित विराट ऑल इंडिया ओपन चेस टूर्नामेंट 2026 (Below 1800) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 16 एवं 17 मई 2026 को शहडोल में आयोजित की गई, जिसमें मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लगभग 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सात राउंड की इस प्रतियोगिता में तनिष्का ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चार मुकाबलों में जीत और दो मुकाबलों में ड्रा खेलकर कुल 5 अंक अर्जित किए। महिला वर्ग में तनिष्का श्रीवास्तव और शिवांगी सोनी दोनों ने समान 5 अंक प्राप्त किए, लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर शिवांगी सोनी को प्रथम स्थान मिला, जबकि तनिष्का उपविजेता रहीं।



# आदमखोर बाघ ने बनाया युवक को शिकार
# हमले से एक मृत, समूचे क्षेत्र में फैली दहशत

## जंगल के अंदर तेंदूपत्ता तोड़ने गया था युवक जिससे चल रहा था गरीब का परिवार



**मऊ चमरवाही ग्राम के जंगल में आदमखोर बाघ का तांडवः पूर्व उपसरपंच को बनाया शिकार, चमरवाही सहित समूचे ब्लाक बरघाट में दहशत का माहौल**

**राकेश अगरवार । हरिभूमि बरघाट ।** जीवन जीने के लिए पापी पेट के लिए इंसान अपने परिजनों का भरण पोषण करने के लिए अपनी जान की बाज़ी लगाने से भी नही चूक रहे हैं वर्तमान समय में तेंदूपत्ता तुड़ाई कर वन विभाग को पत्ते तोड़कर विक्रय किए जाने वाली परंपरा अब चहुं ओर आदमखोर बाघ के मुंह का निवाला भी बन रही है जिस ओर वन विभाग कुंभकर्णी नींद में नजर आ रहा है विगत 2 माह में लगभग 10 वी बार आदमखोर बाघ के शिकार बने लोगो के बावजूद भी अबतक आदमखोर बाघ पर कोई अंकुश नहीं लगा पाया जाना एक गैर जिम्मेदाराना हरकत साबित हो रही है ग्राम पंचायत मऊ के चमरवाही जंगल से सटे ग्रामीण अंचल में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम चमरवाही (ग्राम पंचायत मऊ) में तेंदूपत्ता तोड़ने गए पूर्व उपसरपंच इंद्र कुमार परते पर बाघ ने हमला कर दिया। सुबह लगभग 8 बजे हुई इस भयावह घटना में उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई,घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया, ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बाघ की गतिविधियां देखी जा रही थीं, लेकिन वन विभाग ने ठोस कार्रवाई नहीं की।

### जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे, लौटे नहीं

जानकारी के अनुसार इंद्र कुमार परते प्रतिदिन की तरह सुबह जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाघ ने उन पर हमला कर दिया, साथ गए ग्रामीणों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी।

### वन विभाग पर लापरवाही के आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की जानकारी दी जा रही थी, बावजूद इसके न तो गश्त बढ़ाई गई और न ही ग्रामीणों को सुरक्षित रखने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। लोगों का आरोप है कि वन विभाग केवल कागजों में सुरक्षा के दावे कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत अलग है, घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और वन विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। लोगों ने मांग की है कि आदमखोर बाघ को जल्द पकड़कर क्षेत्र से हटाया जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

### युवक की दर्दनाक मौत से गांव में पसरा मातम

पूर्व उपसरपंच इंद्र कुमार परते के निधन से ग्राम पंचायत मऊ और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। वे सामाजिक रूप से सक्रिय और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके असामयिक निधन से गांव ने एक जागरूक जनप्रतिनिधि को खो दिया है।

### वन विभागीय सुरक्षा के दावे सवालों के घेरे में

घटना ने एक बार फिर "जल, जंगल, जमीन और जन" की सुरक्षा के दावों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है, लेकिन रोकथाम के ठोस उपाय नजर नहीं आ रहे, ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक परिवार को तत्काल मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और क्षेत्र में सघन गश्त की मांग की है,चमरवाही की यह घटना केवल एक परिवार का दर्द नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर बड़ा सवाल है जो जंगल से सटे गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बार-बार असफल साबित हो रही है। ब्लाक बरघाट के कुछ जन प्रतिनिधि घटना स्थल पर पहुंचकर युवक की मौत से सन्न रहकर तत्काल विभागीय अधिकारियों से राहत राशि और बाघ पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिया गया है जहां पर उल्लेखनीय होगा कि बार बार ब्लाक बरघाट में आदमखोर बाघ के हमले से जा रही आमजनो की जाने जा रही है फिर भी जिम्मेदार विभाग किसकी कुर्सी पर अपना ईमान धर्म गिरवी रख बैठे हैं यह समझ के परे है जिससे पूरे ब्लाक बरघाट में ग्रामीण जन अक्रोषित नजर आ रहे हैं।

### बंडोल शराब दुकान के बाहर छलक रहे जाम, राहगीरों और छात्राओं में भय का माहौल

सिवनी जिले के बडोल क्षेत्र में स्थित शराब दुकान के बाहर अव्यवस्थाओं का आलम लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब दुकान के सामने बनी पुलिया और सडक़ किनारे रोजाना लोगों का जमावड़ा लगा रहता है, जहां खुलेआम शराब का सेवन किया जाता है।



ग्रामीणों और आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि सडक़ से गुजरने वाले राहगीरों, महिलाओं और छात्राओं को हर दिन डर और असहज माहौल का सामना करना पड़ता है। शाम होते ही यहां भारी भीड़ लग जाती है, जिससे आने-जाने वालों को परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस मामले की शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकान के बाहर होने वाली अव्यवस्थाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए और क्षेत्र में नियमित पुलिस निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि आमजन सुरक्षित महसूस कर सकें।

# वन विभाग में अव्यवस्था और कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग तेज




**सिवनी।** वन विभाग में वित्तीय अनियमितता, कार्यों के प्रति लापरवाही और अधिकारियों की मनमानी को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि उच्च गुणवत्ता के पौधे तैयार नहीं होने से किसानों एवं शासकीय संस्थाओं को निजी नर्सरियों से पौधे खरीदने पड़ रहे हैं, जिससे शासन को आर्थिक क्षति हो रही है। मांग की गई है कि संबंधित कर्मचारियों का तत्काल अन्य वन मंडलों में स्थानांतरण किया जाए। कर्मचारियों में राजेन्द्र रजक कार्यवाहक वनपाल, दशरथ मुडिय़ा कार्यवाहक वनपाल, रविकिशोर इवनाती वनरक्षक, श्रीमती उषा परते कार्यवाहक वनपाल, संतोष लोधी सहायक ग्रेड-3, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी सहायक ग्रेड-3 एवं शील कुड़ोपे वनपाल के नाम शामिल बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त कर्मचारी लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं, जिसके चलते तत्काल नई स्थानांतरण नीति लागू कर अन्य वन मंडलों में भेजने की मांग उठ रही है।

# पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया, एबीवीपी ने की कठोर कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज, सिवनी में विश्वविद्यालय परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने के मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। परिषद् कार्यकर्ताओं ने मामले में निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने कहा कि परीक्षा जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में इस प्रकार की अनियमितता शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद् ने मांग की कि फर्जी परीक्षार्थी भेजने वाले




वास्तविक अभ्यर्थी एवं इसमें शामिल अन्य दोषियों पर विश्वविद्यालय नियमों के तहत सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा एवं पहचान सत्यापन व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। इस दौरान परिषद् पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद् आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान परिषद् के विभाग संगठन मंत्री गौरव शुक्ला जी विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल जिला संयोजक सुजल मिश्रा नगर मंत्री सजल ठाकुर भाग संयोजक आदित्य बघेल,प्रियांशु सनोडिया, उमेश सनोडिया,केशव दूबे,सार्थक,निखिल सेवलानी,प्रीत शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईदुल अजहा बकरा ईद का त्यौहार 28 को मनाया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सूफ़ी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया इस्लामी महा जिल हिज्जा जो इस्लामी शाल का आखिरी महा है इसमें ये त्यौहार ,बलिदान, तपस्या , कुर्बानी, अल्लाह ईश्वर ,के लिए की जाने वाली सच्ची श्रद्धा के लिए जाना जाता है , और भारत सहित पुरे विश्व में मनाया जाता है मरकज के शरई चांद के ऐलान सात उर्दू तिथि के हिसाब से हिंदी तारीख के मुताबिक 28? मई को बकरा ईद इदुल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा ,जिसमें शहरी क्षेत्र एवं सभी ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में विषेष रूप से अपने अपने क्षेत्र की ईदगाह मस्जिदों में ईदुल अजहा बकरा ईद की नमाज़ सभी मस्जिदों ईमाम हजरात कमेटीयो द्वारा तैय टैम पर अदा की जाएगी । जिसमें विषेष रूप से सुबह 7 बजे,9 30 बजे तक जिले भर में नमाज़ अदा कर लीं जाएगी 10 बजे तक लोग नमाज़ से फिरी हो कर अपने घरों में ईदुल अजहा बकरा ईद का त्यौहार शांति पूर्वक मनाएंगे। जिसमें जिला प्रशासन कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त नगर पालिका एव नगर परिषद ग्रामीण क्षेत्र की पंचायत से विषेष आग्रह है कि 28/29/30 मई को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में तीन टैम साफ़ सफाई व्यवस्था कचरा गाड़ी चलाने में सहयोग प्रदान करने की अपील है एवं जिला में पुलिस अधीक्षक महोदय से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। एवं समस्त मुस्लिम समुदाय के सभी धर्म गुरु समाजिक कार्यकर्ता मुस्लिम नेता जनप्रतिनिधि से पाषर्द गण एवं जागरूक नागरिक से अपील है की कुर्बानी के बाद मल कचरा बोरियो में भरकर उसे दफ़न करें या कचरा गाडियों में ही डाल कर साफ-सफाई स्वच्छता का ध्यान विषेष रूप से ध्यान रखना जरूरी है ,ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाना चाहिए जिससे किसी दुसरे भाई या किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कोई भी कार्य हमारे द्वारा नहीं किया जाएं इसका ख़ास ख्याल रखा जाए सभी धर्म गुरु उलमा ए इकराम ईदुल अजहा की नमाज़ से पहले विषेष रूप से लोगों को सख्त हिदायत दे की संपूर्ण ज़िले में शांति पूर्वक ईदुल अजहा बकरा ईद का त्योहार मनाया जाए।
सूफ़ी मंजूर रज़ा क़ादरी इंजिनियर समीर कुरैशी हाफिज़. गुलाम गौस हाफिज़.अब्दुल वाहिद अशरफी ज़ुबैर मोहम्मद खान बाबा भाई लब्बैक यूथ फोर्स गरीब नवाज फाउंडेशन अहले बैंत फाऊंडेशन आल इंडिया सुन्नी हनफी सूफी मुस्लिम त्योहार कमेंटी के जिम्मेदार हजरात ने आम जन से अपील की है।

# कोतवाली पुलिस की कार्यवाही: 39 लाख की ट्रेडिंग ठगी का पर्दाफाश, भोपाल से 2 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कोतवाली पुलिस ने ट्रेडिंग में कम समय में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बीएमडब्ल्यू कार और महंगे मोबाइल सहित करीब 62 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर आर्थिक अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने यह सफलता हासिल की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 मई 2026 को फरियादी शिशांत सोनी सहित छह लोगों ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि भोपाल निवासी नितिन सोनी और ललित पुरोहित ने ग्लोबल मार्केटिंग में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच देकर उनसे कुल 39 लाख 29 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 356/2026 के तहत धारा 318(4) एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम




भोपाल रवाना की गई, जहां से आरोपी नितिन सोनी और ललित पुरोहित को गिरफ्तार कर सिवनी लाया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नितिन सोनी ने ठगी की रकम से बीएमडब्ल्यू कार फाइनेंस कराई थी और उसकी किस्त जमा कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से बीएमडब्ल्यू कार क्रमांक MP04 CY8566 जिसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपये बताई गई है, साथ ही दो एंड्राइड मोबाइल फोन करीब 2 लाख रुपये कीमत के जप्त किए हैं। कुल जप्त संपत्ति लगभग 62 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी नितिन सोनी का पासपोर्ट भी बना हुआ है, जिससे ठगी के बाद उसके देश छोड़कर भागने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल छह पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है, जबकि अन्य लोगों के भी सामने आने की संभावना है। भोपाल क्षेत्र में भी कई लोगों से इसी तरह ठगी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों और अन्य चल-अचल संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उनसे गहन पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक मनोज पाल और महिला आरक्षक निशा दोनावट की विशेष भूमिका रही।

# नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर, निकाय के पार्षदगणों की उपस्थिति में निकाय के विभाग प्रमुखो की समीक्षा बैठक ली गई।
बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके उपरांत अध्यक्ष महोदय ने निकाय द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई एवं कार्य में तीव्रता लाने के निर्देशसंबंधित अधिकारियों एवं विभाग प्रमुख को दिये गये। आपने कहा कि नगर के बड़े विकास कार्य, सीवर लाईन कार्यालय भवन, आडिटोरियम, स्वीमींग पूल निर्माण कार्यों की नस्ती में तीव्र गति से कार्य किया जावे। साथ ही जिन-जिन वाडों में निर्माण कार्य चल रहे है उन्हे शीघ्रता से पूर्ण कराया जावे एवं जिनकी नस्ती पेंडिंग है उन्हे आगे बढाया जावे।




अध्यक्ष द्वारा नगर की साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली गई एवं विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये गये कि बरसात के पूर्व नाले नालियों की सफाई का कार्य अनिवार्य रूप से करावाया जावे। बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा पेयजल सप्लाई के संबंध में विभाग प्रमुख से जानकारी ली गई एवं निर्देश दिये कि वार्ड में किसी कारणवश पेयजल सप्लाई बाधित होने पर वाडों में नल नहीं आने पर टैंकरों के माध्यम से सप्लाई की जावे। वार्ड में कई स्थानों पर गंदे पानी की शिकायत आने पर उसका तत्काल निराकरण कराया जावे। पर्याप्त टैंकरो की व्यवस्था, एवं चालकों की व्यवस्था की जावे।
अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि अब प्रत्येक 10 दिवस में निकाय के सभी विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक की जाकर जानकारी ली जावेगी सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपने कार्य में तीव्रता लाये एवं नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में पार्षदगणों द्वारा अपने वार्ड में संबंधित समस्याओं को चर्चा के दौरान रखा गया जिस पर सीएमओ विशाल सिंह मर्सकोले द्वारा संबंधित शाखा प्रमुखों को निर्देश दिये गये कि समय-सीमा पर कार्य पूर्ण कराया जावे। उक्त बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर, पार्षदगण विजय गोलू पंडित, संजय भलावी, रविशंकर गुड्डा भांगरे, श्रीमति रामकुमारी बरमैया, चंदन खताबिया, श्रीमति जीतू तरूण श्रीवास, श्रीमति निधि मोंटू दुबे, श्रीमति गोविंदी रवि सैयाम, सहित नगर पालिका सहायक यंत्री श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे, उपयंत्री वंदना मरकाम, विकास मेहरा, कार्यालय अधीक्षक हरीश पराते सहित निकाय के समस्त विभाग के शाखा प्रमुख बैठक के दौरान उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम से 7587622616 नंबर जारी

# ईदगाहों में नमाज के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर्स की होगी तैनाती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी धार्मिक पर्वों एवं आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा सहित शांति समिति के सदस्य, विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबी, गणमान्य नागरिक तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।
बैठक में 27 मई को ईदुज्जुहा, 17 जून को महाराणा प्रताप जयंती तथा 26 जून को मोहर्रम सहित अन्य धार्मिक आयोजनों के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। धर्मावलंबियों द्वारा अवगत कराया गया कि 21 से 23 मई के बीच उर्स का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयोजित संदल एवं अन्य कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु कानून व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने कहा कि जिले में सभी



धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होना यहां की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी समुदायों के सहयोग से पर्वों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्वों एवं आयोजनों के दौरान विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।
नगरपालिका को मस्जिदों, ईदगाहों एवं आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा कचरे के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध रहे तथा भीड़ वाले क्षेत्रों में आवश्यक बैरिकेडिंग एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने सभी धर्मावलंबियों एवं समिति सदस्यों से प्रशासन का सहयोग करने तथा जिले की सामाजिक सौहार्द की परंपरा को बनाए रखने की अपील भी की। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने सभी समुदायों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें अग्रेषित करें। किसी भी संदिग्ध अथवा भ्रामक जानकारी की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी निर्धारित एवं बंद परिसर में की जाए तथा ईदगाहों में नमाज के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त वॉलिंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्वों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी रखी जाएगी। त्वरित सूचना एवं सहायता के लिए पुलिस कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 7587622616 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कृषकों को ई-विकास प्रणाली एवं तकनीकी ज्ञान देने हेतु कृषि रथ रवाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में खरीफ 2026 के पूर्व कृषकों को विभिन्न विषयों पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु कृषि रथ रवाना किया जा रहा है। उक्त कृषि रथ जिले के सभी विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा। कृषि रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित रहेंगे। कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को ई-विकास प्रणाली, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फसल विविधिकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन तथा कृषि अभियांत्रिकी द्वारा खरीफ पूर्व खेतों के समतलीकरण आदि विषयों पर तकनीकी जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। जानकारी अनुसार कृषि रथ प्रत्येक विकासखण्ड में 3 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। उपसंचालक कृषि द्वारा जिले के किसान भाईयों से अपील की गई है ।

लगातार बढ़ते दामों से जनता परेशान, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# महंगाई : डीजल-पेट्रोल में फिर उछाल!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर उछाल आया है। जिले में अब पेट्रोल 112.21 रुपए और डीजल 97.42 रुपए प्रति लीटर की दर से बिक रहा है।

पिछले चार दिनों के भीतर यह दूसरी बढ़ोतरी है, जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कुल 90 पैसे प्रति लीटर तक बढ़ गए हैं। इस वृद्धि से पहले पेट्रोल 108.03 रुपए और डीजल 93.43 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था।

ईंधन के बढ़ते दामों ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। एमआर निहाल बिसेन ने बताया कि उन्हें काम के सिलसिले में रोज काफी सफर करना पड़ता है और उनका रोजाना का पेट्रोल खर्च 500 से 600 रुपए तक आता है। अब कीमतें बढ़ने से उनकी बचत कम होगी और घर का खर्च बढ़ जाएगा।

युवा रिजवान खान का कहना है कि जब पेट्रोल-डीजल महंगा होता है, तो मालभाड़ा बढ़ने की वजह से बाजार में जरूरत की हर चीज के दाम बढ़ जाते हैं। हरविंद सिंह ने भी आशंका जताई कि इस बढ़ोतरी का सीधा असर लोगों के महीने के बजट पर पड़ेगा, क्योंकि रोजमर्रा का सामान महंगा होना तय है।



लगातार बढ़ती महंगाई और तेल की कीमतों पर लोगों ने नाराजगी जताई है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल और खाने-पीने की चीजों पर लगने वाले टैक्स को कम किया जाए, ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके।

## फण्डकी में गोलर समाज ने विधायक मधु भगत को सौंपा ज्ञापन

### जातिगत पहचान एवं प्रमाण-पत्र की समस्याओं के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फण्डकी में घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ गोलर समाज के प्रतिनिधियों ने समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक मधु भगत को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज के लोगों ने विशेष रूप से जातिगत पहचान, जाति प्रमाण-पत्र और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया।

समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक को अवगत कराया कि सही जातिगत पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में गोलर समाज के अनेक परिवार शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शिक्षा संबंधी सुविधाओं तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार तकनीकी त्रुटियों और प्रमाण-पत्रों के अभाव के कारण पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से वंचित होना पड़ता है, जिससे समाज में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

ज्ञापन सौंपते हुए समाजजनों ने विधायक मधु भगत से मांग की कि शासन स्तर पर उचित पहल कर घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ गोलर समाज के लोगों के लिए जातिगत पहचान और प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। साथ ही, ऐसे लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि वर्षों से गोलर समाज जातिगत पहचान संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। प्रमाण-पत्र नहीं बन पाने के कारण बच्चों की पढ़ाई, रोजगार के अवसर और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी कठिनाइयां आती हैं। ऐसे में शासन एवं प्रशासन को इस विषय को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

इस अवसर पर विधायक मधु भगत ने समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज की समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे वे भी विकास की योजनाओं का समान रूप से लाभ उठा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि पात्र लोगों को प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने समाजजनों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और शासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।कार्यक्रम के दौरान समाज के कई वरिष्ठजन, ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद पन्द्रे, विधायक प्रतिनिधि बलराम उइके, सुधीर पटले सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का जल्द समाधान होगा और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सकेगा।

## 60 वर्ष की आयु के बाद मिलेगी 3 हजार रुपये प्रतिमाह आजीवन पेंशन

**बालाघाट।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना बनकर उभर रही है। इस योजना के माध्यम से असंगठित श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित आजीवन पेंशन प्रदान की जाती है। यह योजना उन श्रमिकों के लिए लागू है जो स्वयं का कार्य करते हैं, आयकर दाता नहीं हैं तथा ईपीएफ जैसी किसी सामाजिक सुरक्षा योजना में अंशदान नहीं करते हैं। योजना में 18 से 40 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति शामिल हो सकते हैं। 18 वर्ष की आयु में योजना से जुड़ने पर मात्र 55 रुपये प्रतिमाह अंशदान देना होता है, जबकि 40 वर्ष की आयु में जुड़ने वाले हितग्राही को 200 रुपये प्रतिमाह जमा करने होंगे। हितग्राही जितनी राशि जमा करता है, उतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाती है। योजना में शामिल हितग्राही को 60 वर्ष की आयु तक नियमित अंशदान करना होता है। इसके बाद उसे 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती है। यदि किसी कारणवश हितग्राही की मृत्यु हो जाती है, तो उसके पति या पत्नी को 1500 रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन प्रदान की जाती है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के बाद ही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में नामांकन कराया जा सकता है। पोर्टल पर विभिन्न व्यवसायों एवं कार्य क्षेत्रों के कोड उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से पात्र श्रमिक अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## पेड़ से टकराई एम्बुलेंस में लगी आग, जिंदा जला चालक





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी एंबुलेंस चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। नागपुर से मरीज छोड़ने आई एंबुलेंस कनई-खर्रा रोड पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद वाहन में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक बाहर नहीं निकल सका और वाहन के नीचे फंसकर जिंदा जल गया।जानकारी के अनुसार निजी एंबुलेंस क्रमांक MH 31 EM 0341 नागपुर से मरीज शिवप्रसाद को ग्राम चंदना के संतरीटोला छोड़ने आई थी। मरीज को रात करीब 2 बजे घर छोड़ने के बाद चालक ने लगभग दो घंटे आराम किया। सुबह करीब 4 बजे वह वाहन लेकर वापस निकला और कनई होते हुए नैनपुर मार्ग से लौट रहा था। इसी दौरान कनई और खर्रा के बीच वाहन तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर के बाद एंबुलेंस पलट गई और उसमें आग लग गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि कुछ ही देर में पूरी एंबुलेंस आग की लपटों में घिर गई। आशंका जताई जा रही है कि चालक ने बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन वाहन के नीचे फंस जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना सुबह तेंदू पत्ता तोड़ने वाले ग्रामीणों ने परसवाड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान माइकल अन्ना (56) पिता एंटोनी निवासी कौसल्या नगर, गली नंबर 16, थाना अजनी, नागपुर के रूप में हुई है।परसवाड़ा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है। वहीं घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।उल्लेखनीय है कि इससे पहले मार्च माह में बैहर से मलाजखंड मार्ग पर केवलारी के समीप भी इसी तरह का हादसा हुआ था, जिसमें तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

प्रवेश प्रारंभ Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माइनिंग
इलेक्ट्रिकल
सिविल
मैकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com

## पैक्स समिति बालाघाट में शुरू हुई ई-टोकन से खाद वितरण व्यवस्था

### किसानों को लंबी लाइनों से मिलेगी राहत, वितरण व्यवस्था होगी पारदर्शी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में किसानों की सुविधा और खाद वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से सहकारी समितियों, विपणन संघ के गोदामों, एमपी एग्रो तथा निजी विक्रेताओं द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में बालाघाट स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) में किसानों को अब ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण करने की नई व्यवस्था लागू की गई है। कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समिति कार्यालय में किसानों को ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग से श्री विकास चौधरी, जिला सहकारी बैंक मुख्यालय से श्री अमरेश परिहार सहित समिति के कर्मचारी जिया लाल लिल्हारे, योगेश डहरवाल एवं खाद विक्रेता खजरे जी मौजूद रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किसानों को कंप्यूटर के माध्यम से लाइव ई-टोकन बुकिंग की प्रक्रिया समझाई और मौके पर ही डिजिटल टोकन जनरेट कर प्रदर्शित किया। समिति कर्मचारियों ने बताया कि ई-टोकन व्यवस्था लागू होने से किसानों को अब खाद प्राप्त करने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान निर्धारित समय पर पहुंचकर आसानी से अपनी आवश्यकता अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। इससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और समय की भी बचत होगी। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि नई डिजिटल व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी तथा वास्तविक जरूरतमंद किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जा सकेगी। किसानों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुविधाजनक और उपयोगी बताया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं स्थानीय कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खरीफ सीजन की तैयारी तेज, कृषि विभाग ने कस्टम हायरिंग सेंटर एवं एफपीओ को दिया प्रशिक्षण

**बालाघाट।** आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में कृषि विभाग द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार 19 मई 2026 को कृषि विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने जिले में संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डायरेक्ट सीडेड राइस (DSR) तकनीक, जे-फार्म एप (JFarm App), शासन द्वारा अनुशंसित उन्नत किस्मों तथा बिजनेस एन्हांसमेंट विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।




ठेकेदार पर कथित तौर पर रेत बेचने का आरोप

## वार्डवासियों ने पकड़ी अवैध रेत खनन कर रही जेसीबी एक डंपर



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** सोमवार की रात लगभग साढ़े 10 बजे कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 10 धोपटोला मुंडीवाडा में वार्डवासियों ने साहसिक कदम उठाते हुए अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। चनई नदी में लंबे समय से चल रहे अवैध उत्खनन की शिकायतें प्रशासन तक पहुँच रही थीं, लेकिन कार्रवाई न होने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश था।

सोमवार की रात्रि जब लोगों को रेत के अवैध उत्खनन की भनक लगी तो वार्डवासियों ने मौके पर पहुँचकर एक जेसीबी मशीन (क्रमांक एमपी 50 डीए 0845) और एक डंपर को पकड़ा। बताया जाता है कि ये मशीनें देर रात नदी से रेत निकालने का काम करती थीं। वार्डवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मशीनरी को थाने के सुपुर्द कर दिया। मौके पर वार्डवासियों और खनन कर्ताओं के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक भी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को बार-बार शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था। इससे नाराज होकर उन्होंने खुद कार्रवाई करने का निर्णय लिया। कटंगी पुलिस ने जेसीबी और डंपर को जब्त कर लिया है। वार्डवासियों ने थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। स्थानीय रहवासी संदीप सोनपुरे, महेश मानेश्वर, मुलचंद नागेश्वर, जयपाल नागेश्वर, दशेलाल नागेश्वर, रामदास मानेश्वर, रामदयाल नागेश्वर ने आरोप लगाया कि प्रशासन की निष्क्रियता से अवैध खनन को बढ़ावा मिला। वारासिवनी तहसील क्षेत्र के ग्राम बोटेझरी निवासी इमरान अली नाम के ठेकेदार के पर यह आरोप है कि उनके द्वारा चनई नदी पर अवैध खनन कर रेत को कथित तौर बेचने के लिए लेकर जा रहा था। हालांकि जिस डंपर को वार्डवासियों ने पकड़ा उसमें रेत नहीं थी। इमरान अली को चनई नदी के भीतर दीवार बनाने का काम मिला है। नगर परिषद यह निर्माण करवा रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी ने सोमवार की दोपहर को दीवार का निरीक्षण किया था और ठेकेदार को मलबा हटाने के लिए कहा था। ठेकेदार के द्वारा यह मलबा रात्रि में ही हटाया जा रहा था इस बीच यह जनचर्चा होने लगी कि रेत का अवैध परिवहन हो रहा है। जिसके बाद वार्डवासी चनई नदी में पहुंचे और वाहनों को पुलिस के हवाले किया गया। गौरतलब हो कि ऐसा भी नहीं है कि ठेकेदार इमरान अली ने रेत का अवैध उत्खनन नहीं किया। दीवार के निर्माण के लिए उन्होंने चनई नदी से ही रेत का अवैध खनन किया है। इधर, जनता की मांग है कि जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।